फर्द अहकाम
(नियम 26)

नाम अदालत **जिला कलक्टर, अलवर** मुकाम **अलवर**
उनवान **पंजाब नेशनल बैक** बनाम **मैसर्स वासुदेव एन्टरप्राईजेज**
किस्म मुकदमा **प्रार्थना पत्र सरफेसी एक्ट** नम्बर **15/27/2020**

तारीख हुक्म	हुक्म की कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.07.21	आज यह प्रार्थना पत्र पेश हुआ। प्रार्थी बैंक वकील उपस्थित। प्रार्थी बैंक वकील द्वारा अप्रार्थी के विरूद्ध माननीय जिला न्यायाधीश महोदय, अलवर के यहां वाद पत्र बाबत दिलाये जाने रूपये आयन्दा ब्याज डिग्री हेतु पृथक से दायर किया हुवा है—जिसकी प्रमाणित प्रति मय दस्तावेज के पेश की गई, जिससे शामिल पत्रावली किया गया। प्रार्थी बैंक वकील को सुना गया—वकील के कथन व पत्रावली का अवलोकन किया। इस न्यायालय में विचाराधीन प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 अधिनियम 2002 में दर्शाई गई सम्पत्ति—तथा माननीय जिला न्यायाधीश न्यायालय में विचाराधीन सम्पत्ति सम्यक् रूप है। अंतर्वस्तु का समाधान हेतु दो न्यायालयों में बैंक द्वारा दायर किया गया है, जो हर दो न्यायालयों में विचाराधीन है। प्रार्थी बैंक द्वारा न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन होते हुयें पुनः प्रकरण माननीय जिला न्यायाधीन महोदय, अलवर की न्यायालय पेश किया हुआ है। अंतर्वस्तु का समाधान एक ही न्यायालय के द्वारा किया जाना है, ऐसी स्थिति में प्रार्थना पत्र पर कोई कार्यवाही करना उचित नहीं समझतें है। अतः प्रार्थना पत्र की कार्यवाही ड्रोप किया जाना उचित समझतें है। उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थना पत्र की कार्यवाही ड्रोप की जाती है। प्रार्थी बैंक उक्त को स्थिति स्पष्ट करते हुये नवीन शपथ पत्र के साथ पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के लिये स्वतंत्र रहेगा। इस न्यायालय की पत्रावली फैसला शुमार होकर फैसला शुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। आज मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। (हस्ताक्षर) जिला कलक्टर,अलवर।	